-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा शुक्रवार परेड की ली गई सलामी तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश। साथ ही अर्दली रूम कर रजिस्टरों को किया गया चेक।**

विवरण- आज दिनांक 23.05.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, डायल यूपी 112 के PRV वाहनों, मेस, कैंटीन राशनशॉप, आरओ, आटाचक्की आदि का निरीक्षण किया गया तथा मेस की साफ सफाई चेक कर भोजन ग्रहण किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन बांदा में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात अर्दली रूम कर रजिस्टरों को चेक किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन श्री कृष्णकांत त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक श्री वेदमणि मिश्र आदि उपस्थित रहे।